भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. - 51***

09 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष केन्द्र**

*51. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों/अस्पतालों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों/स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या कितनी है;
(ख) इन केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) सरकार ने नागरिकों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य और परिचर्या में सुधार के लिए आयुष केंद्रों की स्थापना की संकल्पना किस प्रकार की है;
(घ) महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में आयुष योजना को किस प्रकार लागू किया गया है और अब तक क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं;
(ङ) क्या सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने की योजना बना रही है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और
(च) क्या सरकार का मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में नए आयुष केंद्र खोलने का विचार है और यदि हां, तो राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 09 दिसम्बर, 2022 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 51* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, अनुमोदित आयुष अस्पतालों और आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों की राज्य-वार संख्या **संलग्नक-I** पर दी गई है। इसके अलावा, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे महाराष्ट्र राज्य में कार्यशील है। तथापि, आयुष मंत्रालय के अधीन मध्य प्रदेश राज्य में कोई राष्ट्रीय स्तर के संस्थान/स्वास्थ्य केंद्र कार्यशील नहीं हैं।

(ख): भारत सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना का कार्यान्वयन कर रही है और विभिन्न कार्यकलापों यथा मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों का आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों के रूप में उन्नयन और अवसंरचना, आवश्यक आयुष औषधियों की आपूर्ति तथा जनशक्ति की नियुक्ति करके आयुष अस्पतालों के उन्नयन के साथ-साथ इन केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार में उनके प्रयासों को सहयोग दे रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

(ग): आयुष चिकित्सा पद्धतियां बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य तथा कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समग्र वेलनेस के प्रसार को बढ़ावा देती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य रोगों के प्रभाव को कम करना, जरूरतमंद लोगों को कम खर्च में संसूचित विकल्प प्रदान करना, "स्व-देखभाल" के लिए लोगों को सशक्त बनाना, आयुष सिद्धांतों और अभ्यासों पर आधारित एक समग्र वेलनेस मॉडल की स्थापना करना है। स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाएं यथा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष एचडब्ल्यूसी के रूप में उन्नत किया जाना है। आयुष मंत्रालय को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से चरणबद्ध रूप में 12,500 एचडब्ल्यूसी को विकसित करने का कार्य सौंपा गया है।

(घ): एनएएम के तहत, विदर्भ में 177 आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों को अनुमोदित किया गया है और 151 कार्यशील हैं। इसी प्रकार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 30 आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों का अनुमोदन किया गया है और 25 कार्यशील हैं।

(ड.): मंत्रालय ने आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना (आईसी योजना) विकसित की है, जिसके तहत आयुष मंत्रालय भारतीय आयुष विनिर्माताओं/आयुष सेवाओं प्रदाताओं को आयुष उत्पादों एवं सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के अंतर्राष्ट्रीय संवर्धन, विकास और मान्यता को सुविधाजनक बनाने; अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष के हितधारकों एवं बाजार संवर्धन में समन्वय को बढ़ावा देने; विदेशों में आयुष आकादमिक पीठों की स्थापना के माध्यम से आकादमिक तथा अनुसंधान को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता एवं रूचियों के संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला/संगोष्ठियों के आयोजन के लिए सहायता प्रदान करता है।

(च): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष केंद्रों की स्थापना करना, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है, जिसमें मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र शामिल

हैं। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, देश में 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है, जिसमें मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र शामिल हैं। 2014-15 से 2021-22 तक मध्य प्रदेश सहित देश में 50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना हेतु अनुमोदित इकाइयों का ब्यौरा **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

*****

**संलग्नक-I**

**(i) एनएएम के तहत, अनुमोदित आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) एवं कार्यशील आयुष एचडब्ल्यूसी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | अनुमोदित आयुष एचडब्ल्यूसी की संख्या | कार्यशील आयुष एचडब्ल्यूसी की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 6 | 6 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 110 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 49 | 34 |
| 4 | असम | 89 | 44 |
| 5 | बिहार | 268 | 18 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12 | 5 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 240 | 240 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 40 | 9 |
| 11 | गुजरात | 265 | 223 |
| 12 | हरियाणा | 569 | 361 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 740 | 240 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 442 | 317 |
| 15 | झारखंड | 267 | 115 |
| 16 | कर्नाटक | 376 | 176 |
| 17 | केरल | 520 | 180 |
| 18 | लद्दाख | 14 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 7 | 5 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 562 | 362 |
| 21 | महाराष्ट्र | 294 | 281 |
| 22 | मणिपुर | 17 | 3 |
| 23 | मेघालय | 45 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 38 | 24 |
| 25 | नागालैंड | 49 | 4 |
| 26 | ओडिशा | 250 | 90 |
| 27 | पुदुचेरी | 4 | 4 |
| 28 | पंजाब | 217 | 0 |
| 29 | राजस्थान | 1000 | 484 |
| 30 | सिक्किम | 18 | 18 |
| 31 | तमिलनाडु | 350 | 250 |
| 32 | तेलंगाना | 421 | 421 |
| 33 | त्रिपुरा | 84 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1034 | 500 |
| 35 | उत्तराखंड | 300 | 70 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 271 | 271 |
| | **कुल** | **8968** | **4755** |

**(ii) 01.04.2021 तक आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **आयुष अस्पतालों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12 |
| 3 | असम | 4 |
| 4 | बिहार | 8 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 16 |
| 6 | दिल्ली | 6 |
| 7 | गोवा | 2 |
| 8 | गुजरात | 40 |
| 9 | हरियाणा | 15 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 34 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 11 |
| 12 | झारखंड | 1 |
| 13 | कर्नाटक | 269 |
| 14 | केरल | 165 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 77 |
| 16 | महाराष्ट्र | 141 |
| 17 | मणिपुर | 25 |
| 18 | मेघालय | 12 |
| 19 | मिजोरम | 2 |
| 20 | नागालैंड | 6 |
| 21 | ओडिशा | 10 |
| 22 | पंजाब | 25 |
| 23 | राजस्थान | 138 |
| 24 | सिक्किम | 6 |
| 25 | तमिलनाडु | 295 |
| 26 | त्रिपुरा | 7 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 1982 |
| 28 | उत्तराखंड | 434 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 25 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 3 |
| 31 | चंडीगढ़ | 2 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 6 |
| 33 | लद्दाख | 0 |
| 34 | लक्षद्वीप | 2 |
| 35 | पुदुचेरी | 1 |
| 36 | तेलंगाना | 11 |
| | **कुल** | **3801** |

संलग्नक- II

**2014-15 से 2021-22 तक राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एकीकृत आयुष अस्पतालों का स्थान |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | पोर्ट ब्लेयर |
| 2. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| | | काकीनाडा |
| 3. | असम | गोलपाड़ा |
| | | माजुली |
| 4. | बिहार | पटना |
| 5. | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 6. | छत्तीसगढ़ | चंपा |
| | | महासमुंद |
| | | कोरिया |
| | | कोरबा |
| | | कांकेर |
| | | नारायणपुर |
| | | बीजापुर |
| | | दंतेवाड़ा |
| | | रायपुर |
| | | बिलासपुर |
| | | दुर्ग |
| | | सरगुजा जिला मुख्यालय |
| | | दल्ली राझरा |
| 7. | गोवा | दक्षिण गोवा |
| 8. | हरियाणा | हिसार |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू |
| | | मंडी |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | किश्तवाड़ |
| | | कुपवाड़ा |
| | | बिलावर |
| | | कुलगाम |
| | | सांबा |
| 11. | झारखंड | रांची |
| 12. | कर्नाटक | गदग |
| | | मंगलौर |
| 13. | केरल | चलाकुडी, त्रिशूर |
| | | मट्टनूर, कन्नूर |
| 14. | लक्षद्वीप | कवरत्ती |
| 15. | महाराष्ट्र | नंदुरबार |

| | | |
|---|---|---|
| | | सिंधुदुर्ग |
| | | पुणे |
| | | अहमदनगर |
| 16. | मणिपुर | मोरेह, चंदेल जिला |
| | | चुरानंदपुर |
| | | क्वाकीथेल कोन्जेंग लीकाई |
| | | केइराव एसी, इंफाल पूर्वी जिला |
| 17. | **मध्य प्रदेश** | **भोपाल** |
| | | **इंदौर** |
| | | **नरसिंहपुर** |
| | | **चित्रकूट** |
| | | **मंडलेश्वर** |
| | | **बालाघाट** |
| | | **सीहोर** |
| 18. | मेघालय | सोहरा (चेरापूंजी), सीएचसी पूर्वी खासी हिल्स |
| | | उमतृव रियो भोई जिला |
| 19. | मिजोरम | आइजोल |
| 20. | नागालैंड | नोक्लाक, तुएनसांग जिला |
| | | रज़ा, चेडेमा |
| | | सपंग्या (चुंगटिया) |
| | | याकेम, लॉन्गलेन्ग |
| 21. | ओडिशा | ढेंकनाल |
| | | बेहरामपुर |
| | | बालासोर |
| 22. | पुदुचेरी | विलानूर |
| | | यनम |
| 23. | पंजाब | मोगा |
| | | दयालपुर सोढिया जीरकपुर |
| 24. | राजस्थान | भीलवाड़ा |
| | | अजमेर |
| | | चुरू |
| | | बीकानेर |
| | | जयपुर |
| | | सीकर |
| 25. | सिक्किम | क्योंगसा, पश्चिम सिक्किम |
| 26. | तमिलनाडु | थेनी |
| | | थिरुवन्नमलाई |
| | | पुदुक्कोट्टई |
| 27. | तेलंगाना | अनंतगिरी, विकाराबाद, रंगारेड्डी जिला |
| | | भूपलपल्ली (वी एंड एम), जयशंकर भूपालपल्ली जिला |
| | | सिद्दीपेट मुख्यालय |
| 28. | त्रिपुरा | पैराडाइज चौमुहानी , अगरतला |
| | | बेलोनिया |

| | | |
|---|---|---|
| 29. | उत्तर प्रदेश | बुलंदशहर |
| | | बिलहोर, कानपुर |
| | | बेस्ट कतली, लखनऊ |
| | | बदरसी, वाराणसी |
| | | नबावगंज, बरेली |
| | | बस्ती |
| | | सिराथू कौशाम्बी |
| | | सोनभद्र |
| | | उरई जालौन |
| | | संत कबीर नगर |
| | | सहारनपुर |
| | | देवरिया |
| | | ललितपुर |
| | | अमेठी |
| | | कानपुर देहात |
| | | फिरोजपुर, बलिया जिला |
| | | राय बरेली |
| | | बागपत |
| | | फतेहपुर |
| | | श्रावस्ती |
| | | उन्नाव |
| | | हरदोई |
| | | गोरखपुर |
| | | संभल |
| 30. | उत्तराखंड | हल्द्वानी |
| | | जाखनीधर, टिहरी |
| | | टनकपुर, चंपावत |
| 31. | पश्चिम बंगाल | तपसीखाता, अलीपुरद्वार जिला |
| | | पश्चिम मिदनापुर |